कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मुरैना, म0प्र0

क्रमांक / डी.पी.एम.यू / अक्षिता का0 / 2022–23 / 20197 मुरैना, दिनांक 11/7/2022

"प्रशस्ति पत्र"

अन्तरा फाउंडेशन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के समन्वय से अक्षिता कार्यक्रम का सञ्चालन किया जा रहा है। अक्षिता कार्यक्रम जिले के 04 ब्लॉक क्रमशः मुरैना, खड़ियाहार, पोरसा एवं पहाड़गढ़ में मार्च 2021 से क्रियान्वित किया जा रहा है। अक्षिता कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले के चयनित ब्लॉक में फैसिलिटी स्तर पर नर्स मेंटरिंग के तहत गुणवत्ता सुधार में आधारभूत सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जमीनी स्तर पर गुणवत्ता में सुधार हेतु कार्यकर्ताओं का मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण पर क्षमतावर्धन, रिकार्ड संधारण, AAA मंच की स्थापना एवं पर्यवेक्षक के लिए सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु सहयोग प्रदान किया जा रहा है। विगत वर्ष कोविड महामारी की दूसरी लहर के दौरान अन्तरा फाउंडेशन द्वारा समस्त जमीनी कार्यकर्ताओं एवं सुपरवाइजर को कोविड सहायता सामग्री (पल्स आक्सीमीटर, नॉन कान्टेक्ट थर्मामीटर, एन–95 मास्क, ट्रिपल लेयर मास्क, सैनीटाईजर, ग्लव्स इत्यादि) का वितरण करके अभूतपूर्व सहयोग किया गया।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मुरैना अन्तरा फाउंडेशन के द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करता है एवं आशा करता है कि भविष्य में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण सूचकांको में सुधार हेतु सहयोग करता रहेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला मुरैना (म.प्र.)

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मुरैना, म0प्र0

क्रमांक/डी.पी.एम.यू/अक्षिता का0/2022–23/ 20197 मुरैना, दिनांक 11/7/2022

"प्रशस्ति पत्र"

अन्तरा फाउंडेशन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के समन्वय से अक्षिता कार्यक्रम का सञ्चालन किया जा रहा है। अक्षिता कार्यक्रम जिले के 04 ब्लॉक क्रमशः मुरैना, खड़ियाहार, पोरसा एवं पहाड़गढ़ में मार्च 2021 से क्रियान्वित किया जा रहा है। अक्षिता कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले के चयनित ब्लॉक में फैसिलिटी स्तर पर नर्स मेंटरिंग के तहत गुणवत्ता सुधार में आधारभूत सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जमीनी स्तर पर गुणवत्ता में सुधार हेतु कार्यकर्ताओं का मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण पर क्षमतावर्धन, रिकार्ड संधारण, AAA मंच की स्थापना एवं पर्यवेक्षक के लिए सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु सहयोग प्रदान किया जा रहा है। विगत वर्ष कोविड महामारी की दूसरी लहर के दौरान अन्तरा फाउंडेशन द्वारा समस्त जमीनी कार्यकर्ताओं एवं सुपरवाइजर को कोविड सहायता सामग्री (पल्स आक्सीमीटर, नॉन कान्टेक्ट थर्मामीटर, एन–95 मास्क, ट्रिपल लेयर मास्क, सैनीटाईजर, ग्लव्स इत्यादि) का वितरण करके अभूतपूर्व सहयोग किया गया।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मुरैना अन्तरा फाउंडेशन के द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करता है एवं आशा करता है कि भविष्य में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण सूचकांको में सुधार हेतु सहयोग करता रहेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला मुरैना (म.प्र.)